Hindustan-New Delhi-15-02-2011

पत्राचार के छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट में मौका

डीयू में 24 फरवरी से होने वाले कैंपस प्लेसमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में पत्राचार से पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। कैंपस प्लेसमेंट के लिए एसओएल के छात्रों का भी रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। अब एसओएल के छात्र 24 फरवरी को होने वाले कैंपस प्लेसमेंट में हिस्सा ले सकेंगे।

दरअसल, डीयू में होने वाले कैंपस प्लेसमेंट में केवल उन्हीं छात्रों को मौका मिलता था जो कॉलेज या विभाग के नियमित छात्र होते थे। डिप्टी डीन स्टूटेंड्स वेलफेयर डा. गुलशन साहनी ने बताया कि पत्राचार से शिक्षा लेने वाले छात्रों की चयन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके लिए कैपिटल आईक्यू और वीडियोकॉन आदि कई बड़ी कंपनियों ने ऑफर दिया है। उन्होंने बताया कि एसओएल के छात्र अब डीयू की वेबसाइट पर सीधे नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन फॉर्म में एसओएल का नाम शामिल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एसओएल से शिक्षा ले रहे छात्रों की संख्या काफी अधिक है। इनके लिए बेहतर व्यवस्था के इंतजाम पर बातचीत चल रही है। कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन साउथ कैंपस में होगा। जिसमें भारतीय वायु सेना, विप्रो, कैपिटल आईक्यू, एचडीएफसी आदि नामचीन कंपनियां शामिल होंगी। गौरतलब है कि कैंपस प्लेसमेंट के लिए 13 हजार से अधिक छात्र रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।